>

Title : Need to provide adequate funds under National Rural Employment Guarantee Scheme and other employment schemes in Gaya Parliamentary Constituency, Bihar-Laid.

श्री हरि मांझी (गया): मेरा संसदीय क्षेत्र गया नक्सल प्रभावित है। यह पूरी तरह से उग्रवाद की चपेट में है। यहां के बेरोजगार युवा दिभ्रमित होकर उग्रवाद की शरण में जा रहे हैं। यहां के बेरोजगार युवा को उग्रवाद की शरण में जाने से बचाने का एक ही तरीका हो सकता है, यहां खूब रोजगार के अवसर पैदा किये जायें। इसके लिए नरेगा, बी.जी.ई.एफ इत्यादि योजनाओं के अंतर्गत पर्याप्त मात्रा में फंड, संसदीय क्षेत्र गया (बिहार) के लिए रिलीज करें ताकि और युवा उग्रवाद की शरण में न जायें।